# कोटा में मल्टीस्टोरी बिल्डिंग से गिरा कोचिंग छात्र, मौत

**कोटा,** (निसं)। शहर के जवाहर नगर थाना इलाके के राजीव गांधी नगर में बहुमंजिला इमारत से गिरकर एक कोचिंग छात्र की मौत हो गई। अभी इस मामले में पुष्टि नहीं हो पाई है कि छात्र ने आत्महत्या की है या यह दुर्घटना है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी। छात्र इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए एंट्रेंस टेस्ट की तैयारी कर रहा था। छात्र मूल रूप से मध्यप्रदेश के भोपाल का निवासी था और मां के साथ ही कोटा में रह रहा था।

जवाहर नगर थाना अधिकारी राम लक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि शुक्रवार दोपहर 2 बजे की घटना है। नाबालिग छात्र मां के साथ नौवीं मंजिल स्थित फ्लैट में रहता था। घटना के समय मां किसी कार्य में व्यस्त थी और छात्र गिर गया। फिलहाल साफ नहीं है कि बालक ने आत्महत्या की है या दुर्घटनाग्रस्त होकर गिरा है। घटना के बाद छात्र को कॉमर्स कॉलेज चौराहा स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन मृत घोषित कर देने पर एमबीएस अस्पताल शिफ्ट कर दिया। बॉडी मोर्चरी में रखवा दी है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। पिता और अन्य परिजनों के आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। जवाहर नगर थाने के एएसआई रामसहाय ने बताया कि घटना के संबंध में पुलिस को हॉस्पिटल से सूचना मिली थी। वे अस्पताल पहुंचे जबकि थाना अधिकारी राम लक्ष्मण और अन्य फ्लैट पर पहुंचे थे। लोगों का कहना है कि अचानक धड़ाम की तेज आवाज फ्लैट में आई। लोग एकत्रित हो गए। स्थानीय लोग ही छात्र को अस्पताल ले गए, उनके साथ छात्र की मां भी गई।

# करणीसर भाटियान में सोलर प्लांट के लिए खेजड़ी के 418 पेड़ काटे

## यह वही जगह है, जहां पेड़ काटने पर पूगल थाने में जून माह में एफआईआर दर्ज हुई थी, लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है

■ **करणीसर भाटियान में 418 पेड़ काटे गए हैं, तहसीलदार को कंपनी के खिलाफ परिवाद पेश करने के निर्देश दिए गए हैं : एसडीएम पूगल**

**बीकानेर,** (निसं)। सीमावर्ती गांव करणीसर भाटियान में सोलर प्लांट लगाने के लिए पूरी रात खेजड़ी के पेड़ों पर आरी चलती रही और वन विभाग सोया रहा। एक ही रात में खेजड़ी के 418 पेड़ काट डाले गए। यह वही जगह है जहां पेड़ काटने पर पूगल थाने में जून में एफआईआर दर्ज हुई, लेकिन पांच महीने बाद भी किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

करणीसर भाटियान में मैसर्स देशराज सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने सोलर प्लांट लगाने के लिए किसानों से हजारों बीघा जमीन लीज पर ले रखी है। यहां पर पाइलिंग करने के लिए देर रात अज्ञात लोगों ने खेजड़ी के पेड़ काट डाले। घटना का पता चलने पर सुबह वहां ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पूगल एसडीएम दिव्या बिश्नोई, तहसीलदार अशोक पारीक, गिरदावर, पटवारी, वन विभाग और पुलिस का दल मौके पर पहुंचा। वहीं जीव रक्षा सभा के अध्यक्ष मोखराम धारणिया भी पर्यावरण प्रेमियों सहित पहुंचे। उन्होंने बताया कि कंपनी ने 300 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाने के लिए 2280 बीघा भूमि लीज पर ले रखी है। खेजड़ी के पेड़ दूर-दूर तक छितराए हुए हैं। पक्षियों के घोसले तक नष्ट हो गए हैं।

गौरतलब है कि इस प्लांट पर मई में 179 पेड़ काटे गए थे। परिवादी चांद सिंह ने जीतू सिंह, कालूसिंह, श्रवणसिंह, गणेशसिंह सहित 50 अन्य के खिलाफ पूगल थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। जांच तत्कालीन एसएचओ पवन सिंह ने की, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। वर्तमान एसएचओ समरवीर सिंह ने बताया कि मुकदमा पेंडिंग है।

कानूनी अड़चनों से बचने के लिए सोलर कंपनियों ने काम करने का नया तरीका अपना लिया है। करणीसर भाटियान में दिल्ली की मैसर्स देशराज सोलर प्राइवेट लिमिटेड सोलर प्लांट लगा रही है। रिकॉर्ड में लीज भी इसके नाम दर्ज है, जबकि मौके पर वारी सोलर के बोर्ड लगे हुए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि प्लांट लगने के बाद यह वारी के हैंडओवर होगा। पूगल, छत्तरगढ़, गजनेर, कोलायत, नोखा दैया सहित सभी जगह पर अब यही हो रहा है। जमीन पर काम मूल कंपनी की जगह ठेकेदार फर्म कर रही है। करणीसर भाटियान में मैसर्स देशराज सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड की लीज पर मई में 179 खेजड़ी के पेड़ काटे गए थे। पूगल एसडीएम ने टीनेंसी एक्ट के तहत प्रति पेड़ 100 रुपए के हिसाब से जुर्माना वसूला। इसके साथ ही कंपनी से शपथ पत्र लिया गया कि एक पेड़ की जगह दस पेड़ लगाने होंगे। नए पेड़ लगाने तो दूर, खेजड़ी के 418 पेड़ काट डाले गए। तहसीलदार अशोक पारीक ने बताया कि शपथ पत्र का उल्लघन करने पर कंपनी के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही की जाएगी।

तहसीलदार ने बताया कि लीजधारक कंपनी के खिलाफ फर्द रिपोर्ट तैयार हो गई है। टीनेंसी एक्ट के तहत उपखंड अधिकारी के समक्ष पेश कर जुर्माना वसूली की कार्यवाही की जाएगी।

दिव्या बिश्नोई, उपखंड अधिकारी, पूगल का कहना है कि पूगल क्षेत्र में सोलर प्लांट पर खेजड़ी कटाई के सभी प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है। करणीसर भाटियान में 418 पेड़ काटे गए हैं। तहसीलदार को कंपनी के खिलाफ परिवाद पेश करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बीस लाख का सोना लेकर भागे कारीगर

**उदयपुर,** (कासं)। सोने का काम करने वाली कारीगर सेठ के घर से बीस लाख का सोना लेकर फरार हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित कैलाश सोनी पुत्र पूनमचंद सोनी निवासी रोड़ नं. 6 अशोक नगर ने भुपालपुरा पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि मैं सोने के जेवरात बनाने का कारोबार करता हूं तथा मेरे पास कारीगर सुबीर संतरा पुत्र अशांक कुमार निवासी उंचागर विद्याधरपुर वसुदेवपुर पश्चिम श्यामनगर उत्तर चौबीस परगना पश्चिम बंगला तथा शेर शहजहां पुत्र शशीक बोहरान निवासी धनिहाना इलहीपुर थाना हरियाव हुबली पश्चिम बंगाल सोने के जेवर बनाने का काम करते हैं। सात नवंबर को मैं बाजार घया गया। इस दौरान आरोपी अलमारी में रखा 200 ग्राम सोने का बूरा निकाल कर फरार हो गए। इसका पता चलने पर संपर्क का प्रयास किया तो दोनों का पता नहीं चला। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# लापता बालक के मामले में एसपी ने एसआईटी गठित की

■ **खेतड़ी थाना इलाके के पपुरना गांव का 13 साल का बालक करीब एक सप्ताह से लापता है**

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के खेतड़ी थाना इलाके के पपुरना गांव का 13 साल का बालक करीब एक सप्ताह से लापता है। खेतड़ी थाने का घेराव करने के बाद पुलिस भी इस मामले में सक्रिय हो गई है। अब झुंझुनूं पुलिस ने इसे लेकर एसआईटी का गठन किया है। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने मामले को लेकर विशेषज्ञ अनुसंधान दल, यानि कि एसआईटी गठित की है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया है कि एसआईटी में खेतड़ी थाने के अलावा सिकाउ, एजीटीएफ, साइबर, एएचटीयू के अधिकारी और पुलिसकर्मी शामिल है। यह टीम एएसपी त्वरित अनुसंधान दल के एएसपी फूलचंद मीणा के नेतृत्व में काम करेगी, जिसमें खेतड़ी डीएसपी जुल्फीकार भी टीम का सह नेतृत्व करेंगे। टीम में खेतड़ी सीआई मोहनलाल, सिकाउ सीआई संजय वर्मा, डीएसपी एजीटीएफ प्रभारी एसआई सरदारमल, इस मामले में आईओ एसआई कैलाशचंद्र, साइबर सैल के हैड कांस्टेबल दिनेश कुमार, जितेंद्र कुमार, कांस्टेबल अरविंद, एएचटीयू के कांस्टेबल सुनिल, खेतड़ी थाने के हैड कांस्टेबल बनवारीलाल तथा खेतड़ी थाने के कांस्टेबल गौतम व सुभाष को शामिल किया गया है। एसपी ने एसआईटी को निर्देशित किया है कि वे लापता बालक की त्वरित एवं हर संभव प्रयासों से तलाश सुनिश्चित करें। उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, साइबर विश्लेषण एवं फील्ड इनपुट के आधार पर त्वरित कार्रवाई की जाए। साथ ही प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि बालक की तलाश में सहयोग के लिए किसी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल नज़दीकी पुलिस थाना या कंट्रोल रूम पर सूचित करें।

जानकारी के अनुसार इस मामले को लेकर खेतड़ी पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाते हुए डॉग स्क्वाड को भी गत दिवस मौके पर बुलाया था, लेकिन अब तक छात्र का कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग पाया है। निशांत की तलाश और न्याय की मांग को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार के घर पर जुटे हुए हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दे रखी है कि यदि जल्द ही लापता बालक की बरामदगी नहीं होती, तो वे स्टेट हाईवे नंबर 13 को जाम करने पर मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने बुधवार को खेतड़ी थाने का घेराव कर पुलिस प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए थे। इधर, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दो ईसाई मिशनरियों के खिलाफ धर्मांतरण का मुकदमा दर्ज

■ **प्रदेश में धर्मांतरण रोकने के लिए बने कानून के तहत हाड़ौती में दर्ज यह पहला मुकदमा है**

**कोटा,** (निसं)। बोरखेड़ा थाना इलाके के चर्च व इसाई मिशनरियों पर धर्मांतरण का आरोप लगा था। इस मामले में बोरखेड़ा थाना पुलिस ने धर्मांतरण सहित अन्य धाराओं में दो ईसाई मिशनरियों के खिलाफ गुरुवार रात को प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। इस मामले में चर्च में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजस्थान सरकार को शैतान का राज बताया गया था। पुलिस का कहना है कि पहले इस मामले में परिवाद उन्हें मिला था जिसमें दिए गए तथ्यों में धर्मांतरण के प्रयास के तथ्य भी सामने आए हैं, इसीलिए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की जा रही है।

बोरखेड़ा थाना अधिकारी देवेश भारद्वाज ने बताया कि क्रिश्चियन समुदाय के पास्टर दिल्ली निवासी चंडी वर्गीश और कोटा निवासी अरुण जॉन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी योगेश रेनवाल, मुकेश शर्मा व हरिओम शर्मा ने धर्मांतरण कराने की शिकायत दी थी। इस पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2025 की धारा 3 व 5 के तहत मुकदमा है। राजस्थान में धर्मांतरण रोकने के लिए बने कानून के तहत हाड़ौती में दर्ज यह पहला मुकदमा है।

थानाधिकारी भारद्वाज ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ उन्हें परिवाद मिला था कि 4 से 6 नवंबर के बीच कैनाल रोड स्थित बीरशेबा चर्च में आत्मिक सत्संग के नाम से लोगों को बुलाकर धर्मांतरण किया गया है। संबंध में कुछ वीडियो और अन्य तथ्य भी पेश किए गए थे। सोशल मीडिया पर भी यह कार्यक्रम लाइव किया गया था। जिसके अनुसार परिवार की जांच की गई और इसमें कुछ तथ्य धर्मांतरण के प्रयास के मिले हैं, इसीलिए मामले की विस्तृत जांच के लिए मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में सोशल मीडिया से लेकर मौजूद लोगों और आत्मिक सत्संग में पहुंचे हिंदू धर्म के लोगों से भी पड़ताल की जाएगी।

बजरंग दल के प्रांत संयोजक योगेश रेनवाल ने बताया कि राजस्थान बोरखेड़ा कैनाल रोड पर अमृत कॉलोनी के नजदीक स्थित बीरशेबा चर्च में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें हिंदू धर्म के विरुद्ध काफी कुछ बोला गया है। यहां तक कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार को शैतान का राज बताया गया है। इस आत्मिक सत्संग कार्यक्रम में कुछ लोगों ने ईसाई धर्म स्वीकार करने की बात भी मंच से कही है। इस मामले में हमने राज्य सरकार से भी शिकायत की है। इसके अलावा पुलिस और प्रशासन के उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया है। दोनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# तीन बच्चों के पिता ने फांसी लगा आत्महत्या की

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के गैंजी घाटा गांव में युवक के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। शुक्रवार सुबह घर के पास पेड़ पर फंदे से शव लटका हुआ मिला। चौरासी थाने के एएसआई ने बताया कि मृतक के भाई प्रकाश बुझ ने मामला दर्ज कराया है। आत्महत्या किए जाने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए है।

थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार सुबह जब परिवार के सदस्य उठे, तो उन्होंने सुरेश का शव घर के पास स्थित पेड़ से लटका देखा। सुरेश ने बेल्ट के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। पुलिस टीम भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से शव को नीचे उतारकर डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल सुरेश द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना के पीछे संभावित कारणों की तलाश में जुटी हुई है।

# गांजा सहित दो गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। डीएसटी एवं हाथीपोल थाना पुलिस ने तीन किलो से अधिक अवैध गांजा जब्त कर बाइक सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक राजेश यादव के सुपरविजन में डीएसटी टीम प्रभारी विक्रमसिंह, हाथीपोल थानाधिकारी योगेन्द्र कुमार मय टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए गुरूवार को होटलों व ढाबों पर दबीश देने के दौरान चेतक बस स्टैण्ड पर दिनेश कुमार पुत्र बालूराम निवासी नयागांव झाड़ोल व दिनेश पुत्र गुलाबचंद निवासी खाखड़ झाड़ोल होना बताया। मैक्स जीप की तलाशी ली तो उसमें 3 किलो 568 ग्राम अवैध गांजा पड़ा मिला। इस पर मैक्स जीप, बाइक व गांजा जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

# अनियंत्रित बस बनास नदी में गिरी, 15 यात्री घायल

## नदी में पानी कम होने के कारण जनहानि नहीं हुई

■ **पुलिया पार करते ही बस का एक्सल टूट गया और अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस को हटाया**

**उदयपुर,** (कासं)। राजसमंद जिले के खमनोर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा टल गया, जब यात्रियों से भरी एक बस अचानक मोलेला पुलिया से नीचे बनास नदी में जा गिरी। नदी में पानी कम होने के कारण जनहानि नहीं हुई, लेकिन 15 यात्री घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार हादसा शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे तब हुआ, जब नाथद्वारा-मंचिंद रूट पर चलने वाली बस खमनोर से यात्रियों को लेकर आगे बढ़ रही थी। पुलिया पार करते ही अचानक बस का एक्सल टूट गया और वह अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। बस में उस समय 25-30 यात्री सवार थे। ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू शुरू किया और यात्रियों को एक-एक कर बाहर निकाला। सभी घायलों को खमनोर सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से 2 गंभीर रूप से घायल यात्रियों को उदयपुर रेफर किया गया।

घायलों में अधिकतर महिलाएं शामिल हैं जिनमें हगामी बाई (60), लीला (48), रूपा (25), पूजा (28), कमला (60), पूनम (28), हमेरी बाई (45), सूरज कंवर (36), लीला देवी (40), नर्मदा देवी (43), अनिता (45), लीला (44) शामिल है। इनके अलावा रोहित (12), राकेश (26), पेमा राम (50) को भी चोटें आई हैं। पुलिया पर पानी कम होने से बड़ा हादसा टल गया, वरना स्थिति गंभीर हो सकती थी। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस को हटाने और मामले की जांच शुरू कर दी है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PHED DIVISION SAWAI MADHOPUR**
(Ph. 07462-220209) e-mail- xenphed_swm@rediffmail.com
No. EE/PH/SWM/2025-26/NIT/4709-1720 Date: 13.11.2025
**Notice Inviting Tender (e-NIT NO. 59 TO 64/2025-26)**
On behalf of the Governor of Rajasthan Online Tenders are hereby invited from eligible bidders for following works as per criteria mentioned in the detailed NIT/Tender documents available on website http://eproc.rajasthan.gov.in, "www.rajwater.gov.in", "http://sppp.rajasthan.gov.in. Tenders are to be submitted online in electronic format on website "http://eproc.rajasthan.gov.in" as per preseribed schedule.
NIB-PHE2526A4159, UBN NO.- PHE2526WSOB08517, PHE2526WSOB08518, PHE2526WSOB08520, PHE2526WSOB08521, PHE2526WSOB08522, PHE2526WSOB08523
(Satosh Kumar Meena)
EXECUTIVE ENGINEER
DIPR/C/16953/2025 PHED DIVISION SAWAI MADHOPUR

**कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राजस्थान)**
क्रमांक : नपजा/विकास/2025–26/5654 दिनांक : 17.11.2025
**:: ई–निविदा सूचना 05/2025–26 ::**
यत् नगर परिशद जालोर द्वारा निम्नांकित स्थानों पर सिविल निर्माण कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार एवं मान्यता प्राप्त यथाः नगर निगम/परिशद/पालिका एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्रों में E-Procurement प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्य एवं ई–निविदाओं के संबंधित विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in डाउनलोड व अपलोड एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।

| S.N. | Work no. | NIB No. |
|---|---|---|
| 1 | 01 | DLB2526A8140 |

राज.संवाद/सी/25/14342 आयुक्त, नगर परिषद, जालोर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, परबतसर जिला डीडवाना–कुचामन राज.**
E-mail – npparbatsar@gmail.com Phone No. 01589-270141
क्रमांकः–नपाप./स्टोर शाखा/2025–26/2713 दिनांकः– 19.11.2025
**निविदा सूचना**
नगरपालिका परबतसर के द्वारा नियमानुसार बोनाफाइड/अधिकृत ईच्छुक एवं अनुभवी संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया द्वारा निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 25.11.2025 का 10:00 बजे से है तथा शेष विवरण व निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।
NIB UBN NO : DLB2526A8218
UBN NO :

| | |
|---|---|
| DLB2526SSOB24596 | DLB2526SSOB24599 |

राज.संवाद/सी/25/14219 अधिशाषी अधिकारी

**Rajasthan Water Grid Corporation Limited**
(Formerly known as "Eastern Rajasthan Canal Project Corporation Limited")
Sinchai Bhawan, JLN Marg, Jaipur 302017, Tel: 0141-2700669 Email: ceercpc@gmail.com
No. :- 5789 Date :- 19/11/2025
**NIB No. – RWGCL/44/2025-26**
Managing Director, RWGCL invites bid for "Construction of Office Cabins 3rd Floor at RWGCL, Jaipur" from interested bidders upto 01.12.2025 (01:00 PM). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://sppp.rajasthan.gov.in/sppp/ and http://eproc.rajasthan.gov.in) of the state. The approximate value of the procurement is Rs 22.26 Lacs.
NIB Code : ERP2526A0048
UBN No. : ERP2526WSOB00054 MD cum Chief Engineer
Raj.Samwad/C/25/14282 RWGCL Jaipur Rajasthan

**कार्यालय नगर परिषद झालावाड़ (राज0)**
क्रमांक :- न.परि.झा./लाईट/2025/4712 दिनांक :- 21/11/2025
**ई-निविदा**
नगरपरिषद झालावाड़ द्वारा वित्तिय वर्ष 2025–26 हेतु विभिन्न अभियांत्रिकी विभागो में उचित श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से नगरीय क्षेत्र झालावाड में सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था संधारण कार्य (O&M) 2025-26 हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व प्राप्त किये जा सकेंगे।
UBN No. : DLB2526WSOB24879 आयुक्त,
राज.संवाद/सी/25/14294 नगर परिषद झालावाड़

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)**
नेशनल हाईवे नम्बर– 11, श्रीडूंगरगढ जिला– बीकानेर
Tel. : 01565-224766 E-mail id : nagarpalikadungargarh0@gmail.com
क्रमांक :–न.पा.श्रीडूं/4095 दिनांक :–15.11.2025
**ई निविदा सूचना**
नगरपालिका मंडल श्रीडूंगरगढ़ के द्वारा विभिन्न कार्यों के लिए पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते व अन्य विवरण वेबसाईड sppp.rajasthan.gov.in व WWW.etenders.gov.in पर कर दिया गया हैं। जिसके युबीएन नम्बर निम्नानुसार है :–

| क्र.सं. | UBN NO |
|---|---|
| 1. | DLB2526SLOB23991 |
| 2. | DLB2526SLOB23993 |
| 3. | DLB2526SLOB23994 |
| 4. | DLB2526SLOB23996 |

राज.संवाद/सी/25/14300 अध्यक्ष ई. अधिशाषी अधिकारी (तहसीलदार)

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, दूदू**
पंचायत समिति परिसर दूदू, जयपुर, E-mail: sewdsc.dudu@rajasthan.gov.in
क्रमांक-604-612 दिनांक-14.11.2025
**ई-निविदा सूचना संख्या-06,07/2025-26**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अन्तर्गत जिला जयपुर के ब्लॉक मौजमाबाद एवं दूदू में संकन पौण्ड, तालाब रिनोवेशन, पी टी, आर.टी.डब्ल्यू.एच.एस./रिचार्ज शॉफ्ट, सीसीटी एवं चरागाह विकास एण्ड चौका सिस्टम कार्य निर्माण मय दोष निवारण के लिए उपर्युक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि मे। पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र मं ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 15.11.2025 स दिनांक 24.11.2025 को सायं 06.00 बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। दिनांक 25.11.2025 को सायं 06.00 बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। दिनांक 25.11.2025 को सुबह 11.00 बजे कार्यालय मं खोली जावेगी। निविदा का विस्तृत विवरण "https://sppp.rajasthan.gov.in", "https://eproc.rajasthan.gov.in" एवं विभागीय वेबसाईट "www.watershed.gov.in" पर देखा जा सकता है।
NIT 06/2025-26
NIB CODE: WSC2526A0984, UBN NO. 1. WSC2526WSOB01673, 2. WSC2526WSOB01674, 3. WSC2526WSOB01675, 4. WSC2526WSOB01676, 5. WSC2526WSOB01677, 6. WSC2526WSOB01678, 7. WSC2526WSOB01679, 8. WSC2526WSOB01680, 9. WSC2526WSOB01681
NIT 07/2025-26
NIB CODE: WSC2526A0985, UBN NO. 1. WSC2526WSOB01682, 2. WSC2526WSOB01683
(नेमीचन्द मीणा)
अधीक्षण अभियन्ता पदेन परियोजना प्रबंधक
DIPR/C/17077/2025 वाटरशेड सैल कम डाटा सेन्टर, दूदू जयपुर

Visit us: www.mpuat.ac.in; Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com; Mo. No.: 8112207969/9414389929
**कृषि अनुसंधान केन्द्र, दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327 001**
(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)
क्रमांक: एफ( )/कृअके/2025-26/183-88 दिनांक: 17/11/2025
**निविदा सूचना (2025-26)**
कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाडा, के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य / कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमंत्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 27.11.25 प्रातः 11.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदाएं उसी दिन दोपहर 11.30 बजे तक जमा की जाकर मध्याहन 12.00 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू). | धरोहर राशि (रु.) | निविदा शुल्क (रु.) |
|---|---|---|---|
| कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट फार्म, बांसवाड़ा व मक्का परियोजना में कृषि कार्य | 9,72,400/- | 19500/- | 500/- |

Sd/-
Zonal Director (Res.)
ARS-Banswara (Raj.)

**राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड**
कार्यालय मुख्य अभियंता (टी.डी.), 602, जीवनदीप एलआईसी भवन, लालकोठी, जयपुर
**निविदा सूचनाः TN-42(RVU2526SLOB01662)**
रा.वि.उ.नि. के निदेशक (परियोजना) और निदेशक (तकनीकी) के आधिकारिक उपयोग के लिए द्विवार्षिक अनुबंध पर 02 इनोवा क्रिस्टा किराये पर लेने हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत विवरण वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in (ई–निविदा हेतु), www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
राज.संवाद/सी/25/14273 RVUN/PR-4302 अधीक्षण अभियन्ता (टी.डी.-II)

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :–न.प.सु/विकास शाखा/2025/8090 दिनांक :– 17.11.2025
**:–ई–निविदा सूचना–2025–26:–**
नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदा दिनांक 02.12.2025 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक (DLB2526WSOB24418) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।
आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/14336 नगर परिषद सुजानगढ

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जल संसाधन खंड, उदयपुर (राज.)**
जल संसाधन परिसर आकाशवाणी के सामने, मोहता पार्क, चेटक सर्कल-313001
wrdudr@gmail.com/eeudr.wr@rajasthan.go.vin
क्रमांक-अअ/लेखा/2025-26/6072 दिनांक-14.11.2025
**ई-निविदा सूचना संख्या 05 वर्ष 2025-26**
(NIB NO. WRD2526A0526)

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाखों में) | UBN NO |
|---|---|---|---|
| 1 | Restoration and Repair of Ubeshwarnath Anicut Village Vijaybavdi Tehsil Gogunds District Udaipur | 72.19 | WRD2526 WSOB01532 |
| 2 | Renovation of Mela Ground Anicut Village Jhadol G.P. Jhadol P.S. Jhadol | 11.07 | WRD2526 WSOB01533 |
| 3 | Renovation of Chali Anicut Village Chali Tehsil Gogunda District Udaipur | 83.45 | WRD2526 WSOB01534 |

उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 26.11.2025 को सायं 6.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा में वर्णित कार्य से संबंधित विवरण व अन्य शर्ते वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.waterreources.rajasthan.gov.in/wrd, www.dipr.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
अधिशाषी अभियंता,
DIPR/C/17086/2025 जल संसाधन खण्ड उदयपुर

**नगरपालिका मण्डल, रतनगढ़ (राजस्थान)**
क्रमांक–निर्माण शाखा/निविदा/2025/4166–68 दिनांक : 14.11.2025
**निविदा सूचना**
नगर पालिका रतनगढ़ की और से नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजिकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाऐ आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 17.11.2025 से दिनांक 26.11.2025 शाम 6 बजे तक अनुसार डाऊनलोड तथा अपलोड एंव दिनांक 27.11.2025 को सांय 5 बजे खोली जायेगी। समस्त कार्यो के लिए धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर नगर पालिका रतनगढ़ में पंजिकृत सक्षम संवेदको द्वारा 1/2 प्रतिशत राशि एवं अन्य विभागो में पंजिकृत सक्षम संवेदको द्वारा 2 प्रतिशत राशि का डी.डी. अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रतनगढ़ के नाम व रूपये 500/– का चालान "M.D. RISL Jaipur" के नाम जयपुर में देय से ऑन लाईन निविदा खोलने से पूर्व नगर पालिका रतनगढ़ में प्रस्तुत करना होगा।
निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.sppp.raj.nic.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
NIB code-DLB2526A8100
UBN:-DLB2526WSOB24324 अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद/सी/25/14305 नगरपालिका रतनगढ़

**कार्यालय नगरपालिका देवली (टोंक) राज.**
Office of The Municipal Board, Deoli (Tonk) Rajasthan
Tel.- (01434) 232013, E-mail : npdeoli@gmail.com
क्रमांक/न.पा.दे./विकास/ई निविदा/2025–26/2881 दिनांक : 19.11.2025
**ई–निविदा सूचना संख्या (10/2025–26)**
नगरपालिका देवली (टोंक) द्वारा नगर निकाय देवली एवं राजस्थान सरकार के समुचित वर्ग के सूचीबद्धठेकेदारों/संवेदको एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनो में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन–लाईन निविदा दिनांक 21.11.2025 को प्रातः 9.00 बजे से 01.12.2025 को सायं 06.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित निविदा प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा शुल्क जरिये RTGS/NEFT द्वारा HDFC Bank Account Number 25991450000134 IFSC Code HDFC0002599 में दिनांक 01.12.2025 को सायं 6.00 बजे तक जमा करवाकर Transction ID सहित बैंक स्टेटमेन्ट की प्रति ऑनलाईन अपलोड करनी होगी। तकनीकी बिड दिनांक 02.12.2025 को एवं वित्तीय बिड तकनीकी निविदा सफल होने के बाद खोली जावेगी। निविदा फार्म एवं ई–निविदा से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय समय में उपलब्ध है। 14 कार्य की कुल लागत 272.29 लाख है।
NIB Code – DLB2526A8205
UBN No. - DLB2526WSOB24565, DLB2526WSOB24567, DLB2526WSOB24569, DLB2526WSOB24570, DLB2526WSOB24572, DLB2526WSOB24574, DLB2526WSOB24575, DLB2526WSOB24576, DLB2526WSOB24583, DLB2526WSOB24584, DLB2526WSOB24585, DLB2526WSOB24586, DLB2526WSOB24589, DLB2526WSOB24590
अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद/सी/25/14250 नगरपालिका देवली

**राजस्थान सरकार**
**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**
क्रमांक-निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी (ML 10)/2025/ई-13327
**ई-नीलामी विज्ञप्ति**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली 2017 के अध्याय-।।। के तहत निम्नांकित प्लॉटों के आवंटन ई-नीलामी के माध्यम से किये जान हेतु इलेक्ट्रानिक प्लेटफार्म पर बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

| जिला | तहसील | राजस्व ग्राम | खनिज का नाम | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| अलवर | अलवर | अलापुर-खेडका | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| अलवर | मालाखेडा | अहमदपुर | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| अलवर | रामगढ | करेरिया | मेसेनरी स्टोन | 4 |
| कोटपुतली-बहरोड | बानसूर | कौथल | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| अलवर | प्रतापगढ | जैतपुर गुजरान | मेसेनरी स्टोन (एम सेण्ड हेतु) | 1 |
| अलवर | प्रतापगढ | जैतपुर गुजरान | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| अलवर | मालाखेडा | नांगल टोडियार | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| अलवर | मालाखेडा | नांगल टोडियार/ अहीर का तिबारा | मेसेनरी स्टोन | 3 |
| अलवर | मालाखेडा | बडेर | मेसेनरी स्टोन | 2 |
| अलवर | मालाखेडा | बडेर, नांगल, टोडियार | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| खेरतल-तिजारा | हरसौली | बहराडी | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| खेरतल-तिजारा | हरसौली | बहराडी | मेसेनरी स्टोन (एम सेण्ड हेतु) | 1 |
| अलवर | रामगढ | मांदला खुर्द-पूठी जागीर | मेसेनरी स्टोन | 5 |
| राजसमन्द | आमेट | आगरिया | मार्बल | 2 |
| चित्तौडगढ़ | भूपालसागर | जाशमा | मेसेनरी स्टोन | 2 |
| चित्तौडगढ़ | चित्तौडगढ़ | घाघसा | क्वार्टजाईट | 9 |
| चित्तौडगढ़ | भूपालसागर | गुजरियाखेडा | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| चित्तौडगढ़ | भूपालसागर | गुजरियाखेडा व जाशमा | मेसेनरी स्टोन | 2 |
| चित्तौडगढ़ | बस्सी | पाल का खेडा | सैण्ड स्टोन | 4 |
| चित्तौडगढ़ | चित्तौडगढ | रामाखेडा | मेसेनरी स्टोन (एम. (सेण्ड हेतु) | 1 |
| जयपुर | तुंगा | पृथ्वीपुरा | मार्बल मेसेनरी स्टोन | 1 |
| जयपुर | किशनगढ रेनवाल | डूंगरी खुर्द | मेसेनरी स्टोन | 4 |
| जयपुर | मौजमाबाद | बिचून | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| जैसलमेर | जैसलमेर | पारेवर | सिलिका सैण्ड | 4 |
| जालोर | भादराजून | बाकली व तोडमी | मेसेनरी स्टोन | 11 |
| बून्दी | बून्दी | गुंवार | सैण्ड स्टोन | 6 |
| झुंझुंनू | खेतडी | प्रतापपुरा | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| बाडमेर | चौहटन | शहीद पीराराम नगर | ग्रेनाइट | 5 |
| सिरोही | सिरोही | बलदरा | मेसेनरी स्टोन | 4 |
| भीलवाडा | करेडा | सुलियां | ग्रेनाइट | 5 |
| भीलवाडा | जहाजपुर | भरणी खुर्द | डोलोमाईट | 1 |
| सिरोही | शिवगंज | बडगांव | ग्रेनाइट | 1 |
| कोटपूतली-बहरोड | कोटपूतली | कल्याणपुरा कलां | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| कोटपूतली-बहरोड | कोटपूतली | नवलकुशालपुरा | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| नागौर | मूण्डया | बूनरावता | मेसेनरी स्टोन | 8 |
| दौसा | सिकराय | सीकरी | मेसेनरी स्टोन (एम. सेण्ड हेतु) | 1 |
| डीग | सीकरी | बासबुर्जा | मेसेनरी स्टोन | 9 |
| चूरू | बीदासर | बालेरा | मेसेनरी स्टोन | 8 |
| कोटपूतली-बहरोड | कोटपूतली | पचाला राजपूत | मेसेनरी स्टोन | 4 |
| चित्तौडगढ | बडी सादडी | लुहारिया | मार्बल | 6 |
| | | कुल प्लॉट | | 126 |

विशेष नोट-1. प्लॉटो का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।
DIPR/C/17007/2025 (महावीर प्रसाद मीणा) निदेशक